देश भर के ट्रेडर्स से राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का संवाद

राज्यपाल ने समस्याएं सुनी और कहा, निराकरण के कराये जायेंगे प्रयास

कोविड से लाइफ स्टाइल बदली, नई तकनीक से करें व्यापार – राज्यपाल

जयपुर, 27 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि कोविड–19 से लाइफ स्टाइल बदल गई है। अब व्यापार में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करना होगा। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित आर्थिक पैकेज में व्यापार को बढाने के लिए बहुत सविधाएं दी है। व्यापारी उनका लाभ उठायें। मुद्रा योजना की शिशु, किशोर व तरूण योजना में व्यापारी आसानी से ऋण ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी समस्याएं सुन ली है। निराकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार को व्यापारियों की समस्याएं भेजी जायेगी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बुधवार को यहां राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से देशभर के व्यापारियों से संवाद किया। इस कान्फ्रेन्स का आयोजन कॉन्फेडेरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा किया गया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी से सभी लोग प्रभावित हुए है। लोगों के मन में भय है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घडी में घबराना नही है। आपसी संवाद की प्रक्रिया आत्मविश्वास जागृत करने का सशक्त माध्यम है। राज्यपाल ने कहा कि इस महामारी से उद्योग, शिक्षा सहित सभी क्षेत्र प्रभावित हुए है। छोटे व्यापारी अधिक प्रभावित हुए है। केन्द्र सरकार ने सभी को राहत देने के लिए आर्थिक पैकेज दिया है। इससे सभी लोग लाभान्वित होंगे। श्री मिश्र ने कहा कि धीरज रखें। वित्तीय प्रबन्धन नये सिरे से करें। कोरोना के भय को मन से निकालें। सकारात्मक सोच रखेंगे तो समस्याओं का समाधान भी शीघ्र ही हो जायेगा।

वीडियो कान्फ्रेन्स में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी. सी. बरतिया ने देश के सात करोड व्यापारियों की ओर से राज्यपाल श्री मिश्र का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए स्वदेशी अभियान का शुभारम्भ किया है। महिलाओं को अर्थव्यवस्था की मुख्य धारा से जोडा जा रहा है। महासचिव श्री प्रवीण खण्डेलवाल ने बताया कि स्वदेशी पोर्टल '' भारत ई मार्केट'' शुरू किया गया है। अब व्यापार को ऑन लाइन किया जा रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सत्य भूषण जैन ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर राज्यपाल को देशभर के व्यापारियों ने समस्याएं बताई। जयपुर की श्रीमती सीमा सेठी ने महिलाओं के लिए बैंक ऋण सुविधा को आसान बनाने की जरूरत बताई। लखनऊ के श्री संजय गुप्ता ने व्यापारियों को राहत दिलाने को आग्रह किया । जोधपुर के श्री प्रसन्न मेहता ने स्वदेशी भावना से कार्य करने का आश्वासन दिया। मुम्बई के नितिन केडिया ने नई तकनीक से कार्य करने की जरूरत जताई। आसाम के व्यापारियों ने व्यापारी हब बनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी मौजूद थे।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल